Health & Wealth
We Manage Both

alankit LIMITED

23rd December, 2022

**BSE Limited**
P. J. Towers,
Dalal Street,
Mumbai – 400 001

**Scrip Code:** 531082

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza, 5th Floor,
C-1, Block G, Bandra – Kurla Complex,
Bandra (E),
Mumbai – 400 051

**Symbol :** ALANKIT

**Sub: Submission of Public Notice for Corrigendum to the notice of the Extra-Ordinary General Meeting dated 29th November, 2022**

Dear Sir(s),

This is in furtherance to our letter dated 5th December, 2022 and 15th December, 2022, with respect to submission of the Notice of Extra-Ordinary General Meeting of the Company and intimation of cut-off date for e-voting and submission of Public Notice for Corrigendum to the notice of the Extra-Ordinary General Meeting dated 29th November, 2022, respectively.

We hereby inform you that certain inadvertent errors were noticed in the above referred Notice after the same was dispatched to the Members of the Company through email on 5th December, 2022 and publication of Corrigendum on 14th December, 2022.

Accordingly, a Corrigendum has been published, by way of advertisement, today, i.e., 23rd December, 2022, in the newspapers, viz., Financial Express and in Haribhoomi.

Pursuant to Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, read together with Part A of Schedule III thereto, please find enclosed herewith, a copy each of the aforesaid newspaper publications.

The aforesaid Corrigendum shall also be uploaded on the website of the Company, viz., www.alankit.in . The same is for your information and records.

This is for your information and records.

Thanking you.

Yours faithfully,

**For ALANKIT LIMITED**

Suchita Kabra
Digitally signed by Suchita Kabra
Date: 2022.12.23 12:49:35 +05'30'

**SUCHITA KABRA**
**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**

# भारत जोड़ो यात्रा के संबंध में फरीदाबाद पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत जोड़ो यात्रा को लेकर फरीदाबाद पुलिस ने शहरी वासियों के लिए ट्रैफिक एडवाईजरी जारी की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 23 दिसम्बर को बल्लबगढ़ से धौज के रास्ते सोहना जाने वाले सभी प्रकार का यातायात सुबह 4 बजे से दोपहर तक पूर्णतया बन्द रहेगा।

23 दिसम्बर को सायं 4 बजे से बड़खल चौक, ओल्ड चौक और नीलम अजरोंदा चौक से एनआईटी की तरफ आने जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों की पूर्णतया पाबन्दी रहेगी। 23 दिसम्बर को सायं 4 बजे से दिल्ली-मथुरा रोड पर नीलम फ्लाईओवर से दिल्ली की तरफ जाने वाला सर्विस रोड और एनएच-2 पर भारत जोड़ो यात्रा के चलते सभी प्रकार का यातायात पूर्णतया बन्द रहेगा। 23 दिसंबर को मथुरा-दिल्ली हाईवे से एनआईटी में आने जाने के लिए सोहना रोड फ्लाईओवर, बाटा चौक फ्लाईओवर, मेवला महाराजपुर अंडरपास व एनएचपीसी चौक ग्रीन फील्ड अंडर पास का प्रयोग करे। दिल्ली बॉर्डर से फरीदाबाद बल्लबगढ़ पलवल की तरफ जाने वाले वाहनो का आवागमन रोजाना की तरह चलता रहेगा।24 दिसम्बर को 4 बजे से सुबह 9 बजे तक दिल्ली की तरफ जाने वाला सर्विस व एनएच.2 रोड और मेवला महाराजपुर, ग्रीन फील्ड, एनएचपीसी चौक पूर्णतया बन्द रहेगे।

> 23 दिसम्बर को बल्लबगढ़ से धौज के रास्ते सोहना जाने वाले सभी प्रकार का यातायात सुबह 4 बजे से दोपहर तक पूर्णतया बन्द रहेगा।

## बड़खल चौक के पास गोपाल गार्डन में शाम को होगी पब्लिक मीटिंग

भारत जोड़ो यात्रा सोहना की तरफ से खोरी जमालपुर गांव से चलकर सिरोही गांव धौज, पाली चौक से बाएं होते हुए पाली डबुआ रोड , 17 नम्बर चुंगी से 3 नंबर पुलिया से सीधे 2-3 के गोल चक्कर से बांए मुडकर ईएसआई लाल बत्ती से दाहिने रोज गार्डन के सामने से मैट्रो चौक से बाएं मुडकर बीके चैक से दाहिने मुडकर सीधे नीलम चौक से राष्ट्रीय राजमार्ग-19 के अजरोंदा फ्लाईओवर पहुंचेगी, जहां से सर्विस रोड से दिल्ली-मथुरा रोड़ से ओल्ड चौक व बडखल चौक से होते हुए गोपाल गार्डन में शाम को पब्लिक बैठक करेगें।



### पलवल से दिल्ली जाने वाले भारी वाहन केजीपी का उपयोग करेंगे

23 दिसंबर को सायं 4 बजे से पलवल से दिल्ली जाने वाले यात्री कैली फ्लाईओवर के नीचे से बाईपास रोड होते हुए यात्रा करेंगे। एनआईटी एरिया से दिल्ली जाने वाले बाटा फ्लाईओवर से बल्लभगढ़ की ओर जाकर कैली फ्लाईओवर से बाईपास होते हुए दिल्ली जाएंगे व अनखीर चौक, अनगंपुर चौक से प्रहलादपुर, शूटिंग रेंज के रास्ते दिल्ली जा सकते है।

## खबर संक्षेप



### जीयू में युवाओं ने किया 100 यूनिट रक्तदान

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विवि में रक्तदान शिविर में युवाओं ने 100 यूनिट रक्तदान दिया। यूथ रेडक्रॉस व युवा और सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर का उद्घाटन गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व कार्यक्रम अध्यक्ष तथा मुख्य अतिथि युवा और सेवा संस्था के प्रान्त सह सचिव गौरव कुमार ने किया।



### आगाज संस्था हरियाणा को बेस्ट एनजीओ का अवार्ड

**फरीदाबाद।** 28 वें हरियाणा राज्य स्तरीय युवा उत्सव में खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष किए जाने वाले पुरस्कारों के अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ राज्य युवा क्लब पुरस्कार युवा आगाज संगठन को दिया गया। कृषि मंत्री जेपी दलाल और भिवानी उपायुक्त नरेश कुमार संस्था को 75000 की धनराशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।



### सिद्धदाता आश्रम ने बांटे कंबल

**फरीदाबाद।** श्री सिद्धदाता आश्रम की ओर से सेक्टर-65 स्थित हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स हरियाणा के राज्य प्रशिक्षण केन्द्र में कैडेट्स और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा ने कहा कि आश्रम ने हमेशा ही वंचित वर्ग को संबल प्रदान किया है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने एक ट्रेक्टर-ट्राली चोर को गिरफ्तार किया है।क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को हामिदपुर उत्तर प्रदेश से थाना छांयसा के चोरी के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के पिता तुला भट्टा पर काम करते है। आरोपी भी भट्टा पर काम करने के लिए आया था। उसने भट्टा से ट्रेक्टर ट्राली चोरी को अंजाम दिया।



### दुष्कर्म करने के आरोपी को किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया की टीम ने दुष्कर्म के आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी का नाम वाहिद उर्फ मोनू है । वह यूपी के हापुड़ का रहने वाला है। आरोपी के खिलाफ महिला थाना एनआईटी में दुष्कर्म की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी ने एक युवती के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था।



### चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के महासचिव सरदार इंद्रजीत सिंह टीटू ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में राष्ट्रपति को पत्र लिखा है। कहा है कि 23 दिसंबर को किसान मसीहा स्वर्गीय प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का जन्म दिवस है जो पूरे देश में किसान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। किसान मसीहा कह जाने वाले स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री चरण सिंह जी को अभी तक भारत रतन के सम्मान से नवाजा नहीं गया है । वह इस सम्मान के हकदार थे ।

### स्टेट विजिलेंस की टीम ने की कार्रवाई

# उत्तर प्रदेश के सब इंस्पेक्टर को तीस हजार रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया

यूपी हापुड़ के जिले के अन्तर्गत आने वाले थाना बाबूगढ़ में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह को स्टेट विजीलैंस ब्यूरो की फरीदाबाद टीम ने 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

यूपी हापुड़ के जिले के अन्तर्गत आने वाले थाना बाबूगढ़ में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह को स्टेट विजीलैंस ब्यूरो की फरीदाबाद टीम ने 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। लड़की भगाने के मामले में आरोपी युवक के परिवार वालों को सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह ने एनकाउंटर का डर दिखाकर जमानत कराने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। आरोपी युवक ग्रेटर फरीदाबाद के गांव बुढ़ैना गांव निवासी है। उसके भाई की शिकायत पर विजिलेंस ने कार्रवाई की। सब इंस्पेक्टर जैसे ही रिश्वत के रुपए लेने युवक की डेयरी पर आया, विजिलेंस ने उसे रंगे हाथ दबोच लिया।

**खास बातें**

- एनकाउंटर का डर दिखाकर जमानत कराने की एवज में रिश्वत मांग रहा था
- सुरेन्द्र सिंह ने अब तक वह इन लोगों से एक लाख रुपए ले चुका था

### लड़की भगाने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था

विजिलैंस सूत्रों के अनुसार ग्रेटर फरीदाबाद के गांव बुढ़ैना निवासी आदेश भड़ाना और उसके छोटे भाई के खिलाफ उत्तर प्रदेश के जिला हापुड़ के थाना बाबूगढ़ में लड़की भगाने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। दोनों को वहां की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में आदेश करीब एक महीने तक जेल में बंद रहा था।



### परिवार को फंसाने की धमकी देता था

अब उसका भाई जेल में बंद था। आरोप है कि वहां थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह आदेश और उसके सारे परिवार को मुकदमे में फंसाने की धमकी देता था।

### जमानत न होने देने की देता था धमकी

वह घर में कुर्की करने के साथ ही उसके छोटे भाई का एनकाउंटर करने की भी धमकी देता था। अब तक वह इन लोगों से एक लाख रुपए ले चुका था और रुपए की मांग कर रहा था। उसने धमकी दे रखी थी कि अगर और रुपए नहीं दिए तो उसके भाई की जमानत नहीं होने देगा। उसका एनकाउंटर कर देगा। आदेश के पिता गंभीर रूप से बीमार हैं। उन्होंने सब इंस्पेक्टर को रुपये लेने के लिए सेक्टर-81 में अपनी दूध की डेयरी पर बुला लिया और विजिलेंस को सूचना दे दी। विजिलेंस ने दूध की डेयरी के आस-पास जाल बिछा दिया। जैसे ही सब इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह डेयरी पर आया और उसने रुपये पकड़े आदेश ने विजिलेंस टीम को ईशारा कर दिया।

# गृहमंत्री अनिल विज की गाड़ी ब्रेकडाउन होने के मामले में एसआईटी की जांच शुरु

## घटना स्थल का किया मुआयना, बयान भी दर्ज किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

केएमपी हाईवे पर गृहमंत्री अनिल विज की गाड़ी ब्रेकडाउन होने के मामले में जांच के लिए गठित एसआईटी ने अपनी जांच शुरु कर दी है। डीसीपी ईस्ट वीरेंद्र विज की अगुवाई में एसआईटी ने केएमपी पर दुर्घटना स्थल का गहनता से मुआयना किया। वहीं दुर्घटना के समय गाड़ी चला रहे ड्राइवर को भी मौके पर बुलाया गया और उससे पूछताछ की गई। उसके बाद इस टीम ने मर्सेडीज की वर्कशॉप में जाकर दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी की जांच की। जांच के दौरान गाड़ी चालक, गाड़ी उपलब्ध कराने वाली शाखा के फोरमैन व अन्य संबंधित के बयान भी अंकित किए गए। मर्सिडीज कंपनी के कर्मचारियों से भी पूछताछ करके उनके बयान अंकित किए गए। एसआईटी में शामिल हरियाणा रोडवेज के हेड मैकेनिक, गुरुग्राम पुलिस के मोटर मैकेनिक व फोरेंसिक एक्सपर्ट द्वारा भी हर पहलू से जांच की जा रही है।गृहमंत्री अनिल विज की गाड़ी ब्रेकडाउन होने के मामले में जांच के लिए डीसीपी ईस्ट विरेंद्र विज की अगुवाई में एसआईटी का गठन किया गया है।



### टीम घटना की त्वरित जांच कर रिपोर्ट देगी

इस एसआईटी में विकास कौशिक एसीपी, एसआई उमेश, ज्योति इंचार्ज फोरेंसिक साईंस यूनिट गुरुग्राम, एएसआई रणधीर सिंह मोटर मैकेनिक पुलिस लाईन के अतिरिक्त हरियाणा रोडवेज गुरुग्राम के हेड मैकेनिक को भी शामिल किया गया है। यह टीम इस घटना की त्वरित जांच करके रिपोर्ट देगी। विदित हो कि गृहमंत्री अनिल विज रविवार को भाजपा की संगठनात्मक मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए गुडगांव पहुंचे थे। मीटिंग के बाद जब वे वापिस अंबाला के लिए लौट रहे थे तो केएमपी पर उनकी गाड़ी मर्सिडीज बेंज ई-200 का अचानक शॉक एब्जॉर्बर टूट गया। शॉक एब्जॉर्बर टूटते ही गाड़ी नीचे बैठ गई और चालक ने आवाज सुनकर गाड़ी की स्पीड कम कर दी। जिसके चलते बड़ा हादसा होने से टल गया। गृह मंत्री की सिक्योरिटी ने उन्हें तुरंत दूसरी गाड़ी से हरियाणा भवन पहुंचाया। इसके बाद गृह मंत्री सुरक्षित अंबाला कैंट अपने घर पहुंचे। अनिल विज ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी। जिसमें कहा कि वे इस हादसे में चमत्कारी तरीके से बचे हैं।

# निगम कर्मी को गन प्वाईंट पर बंधक बनाकर मारपीट व लूटपाट

**गुरुग्राम।** सेक्टर-९ए थाना क्षेत्र में निगम के कर्मचारी को गन प्वाईंट पर बंधक बनाकर, मारपीट कर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रवीण कुमार ने कहा कि वह 20 दिसंबर को निगम कर्मी जयवीर निवासी हुड्डा कॉलोनी ने उसे फोन किया कि उसकी पत्नी रूठकर मायके चली गई है। उसका साला प्रवीण कुमार की बात मानता है, इसलिए उसे सेक्टर-7 के बूस्टिंग स्टेशन पर बुलाया । वह पहुंचा तो जयवीर, उसके लड़के निशु व लक्ष्य, रविन्द्र, रोहताश, आदि ने उसे गन प्वाईंट पर लेकर कमरे में ले गए।

Alankit
अलंकित लिमिटेड
CIN: L74900DL1989PLC036860
**पंजीकृत कार्यालय** : 205-208, अनारकली कॉम्पलैक्स, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055
**Website:** www.alankit.in; **Email ID:** investor@alankit.com, **Tel No.:** 011-42541234/904

**अलंकित लिमिटेड के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक की सूचना का शुद्धिपत्र**

यह शुद्धिपत्र अलंकित लिमिटेड ('दि कम्पनी') के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक ('ईजीएम') की सूचना दिनांक 29 नवम्बर 2022, और कम्पनी के सदस्यों की असाधारण सामान्य बैठक की सूचना का 14 दिसम्बर 2022 को कम्पनी द्वारा जारी किये गये शुद्धिपत्र के सम्बन्ध में जारी किया जा रहा है, जो उक्त बैठक आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेसेज का निष्पादन करने के लिये वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी') अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से बुधवार, 28 दिसम्बर 2022 को अप. 3.30 बजे आयोजित की जानी निर्धारित है, जिसका प्रेषण 05 दिसम्बर 2022 तक अनुमत्य मोड के माध्यम से पूर्ण कर लिया गया था।

कम्पनी के सदस्यों को ''कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 के अनुसरण में व्याख्यात्मक विवरण'' में मद सं. 4 और 5 के प्वाइंट 'जी' में निम्नलिखित संशोधनों पर ध्यान देना चाहिए :

| क्र. सं. | प्रस्तावित आवंटियों का नाम और पैन | श्रेणी (प्रवर्तक / गैर-प्रवर्तक) वर्तमान स्तर | आवंटन पूर्व होल्डिंग | | श्रेणी (प्रवर्तक / गैर-प्रवर्तक) प्रस्तावित प्रेफरेंशियल इश्यू के पश्चात स्तर | आवंटित किये जाने वाले प्रस्तावित इक्विटी शेयरों की सं. | आवंटन पूर्व होल्डिंग | | अन्तिम लाभकारी मालिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | शेयरों की सं. | होल्डिंग का % | | | शेयरों की सं. | होल्डिंग का % | |
| 1 | अलंकित फिनसेक लिमिटेड PAN: AAFCA9365G | प्रवर्तक | 6,00,59,348 | 42.01 | प्रवर्तक | 3,84,00,000 | 9,84,59,348 | 38.86 | टिप्पणी सं. 1 |
| 2 | श्री गजराज फिनलीज प्राईवेट लिमिटेड PAN: AADCS3261R | गैर प्रवर्तक | 38,23,248 | 2.67 | गैर प्रवर्तक | 4,32,00,000 | 4,70,23,248 | 18.55 | टिप्पणी सं. 2 |
| 3 | आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड PAN: AAMCS7234H | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 72,00,000 | 72,00,000 | 2.84 | टिप्पणी सं. 3 |
| 4 | बालमुकुंद ट्रेडलिंक प्राईवेट लिमिटेड PAN: AAKCB7126R | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 36,00,000 | 36,00,000 | 1.42 | टिप्पणी सं. 4 |
| 5 | शाह विशाल मनोजभाई PAN: BIJPS0784F | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 16,00,000 | 16,00,000 | 0.63 | - |
| 6 | डोली विशाल शाह PAN: AOQPJ3312L | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 16,00,000 | 16,00,000 | 0.63 | - |
| 7 | स्वेता मौलिककुमार शाह PAN: GVOPS4704N | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 16,00,000 | 16,00,000 | 0.63 | - |
| 8 | मौलिक राजेन्द्रभाई शाह PAN: BVQPS2058L | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 16,00,000 | 16,00,000 | 0.63 | - |
| 9 | दोलार किरिट शाह PAN: BFQPS1236E | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 8,00,000 | 8,00,000 | 0.32 | - |
| 10 | शाह मेघना दोल्लार भाई PAN: DDWPS1192B | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 8,00,000 | 8,00,000 | 0.32 | - |
| 11 | सेखानी आसिफ अमिन PAN: ASGPS7500R | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 16,00,000 | 16,00,000 | 0.63 | - |
| 12 | हार्दिक ज्येन्द्रभाई शाह PAN: BFIPS1791C | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 8,00,000 | 8,00,000 | 0.32 | - |
| 13 | इल्लाबेन ज्येन्द्रभाई शाह PAN: BGMPS7802P | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 8,00,000 | 8,00,000 | 0.32 | - |
| 14 | रिमा रसिली PAN: AQJPR9892C | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 16,00,000 | 16,00,000 | 0.63 | - |
| 15 | बिकाश रसिली PAN: DZOPK2718B | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 16,00,000 | 16,00,000 | 0.63 | - |
| 16 | सोमेश्वर ट्रेडलिंक प्राईवेट लिमिटेड PAN: ABICS1788F | गैर प्रवर्तक | 0 | 0.00 | गैर प्रवर्तक | 36,00,000 | 36,00,000 | 1.42 | टिप्पणी सं. 5 |

**टिप्पणियां :-**

1. सुश्री अल्का अग्रवाल, सुश्री साक्षी अग्रवाल और मास्टर अगस्त्या अग्रवाल अन्तिम लाभकारी मालिक हैं।
2. श्री महाबीर प्रसाद गुप्ता अन्तिम लाभकारी मालिक है।
3. चूंकि, आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड एक लिस्टेड कम्पनी है, यूबीओ अपेक्षित नहीं है।
4. श्री वाघेला रंजनबेन जयंतीबेन और श्रीमती जाग्रुतिबेन दीपकभाई परमार अन्तिम लाभकारी मालिक हैं।
5. श्री चौहान योगेश और श्री हिमांशु मोहनभाई मोधाक अन्तिम लाभकारी मालिक हैं।

यह शुद्धिपत्र ईजीएम की सूचना दिनांक 29 नवम्बर 2022 और 14 दिसम्बर 2022 को कम्पनी द्वारा जारी किये गये शुद्धिपत्र की निरंतरता और संयोजन में पढ़ा जाना चाहिए। ईजीएम की सूचना का यह शुद्धिपत्र कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.alankit.in पर डाला जाएगा, इसके साथ ही स्टॉक एक्सचेंजेज जहां कम्पनी के शेयर सूचीकृत हैं, को संचारित किया जा रहा है।

सभी सम्बद्ध शेयरधारक, स्टॉक एक्सचेंजेज, डिपॉजिटरीज, रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, ई-वोटिंग हेतु नियुक्त एजेंसी, अन्य प्राधिकारियों और सभी अन्य सम्बद्ध व्यक्तियों से उपरोक्त पर ध्यान देने का आग्रह किया जाता है।

ईजीएम सूचना दिनांक 29 नवम्बर 2022 और 14 दिसम्बर 2022 को कम्पनी द्वारा जारी किये गये शुद्धिपत्र के सभी अन्य विषयवस्तु अपरिवर्तित रहेंगे।

**कृते अलंकित लिमिटेड**
हस्ता/-
**सुचिता काबरा**
**कम्पनी सचिव**

**स्थान : नई दिल्ली**
**दिनांक : 22 दिसम्बर, 2022**

